व पूर्व एमएलसी गीता कुमारी सहित अन्य प्रमुख लोग शामिल होंगे।

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 24/2024

## इन्टरमीडिएट वार्षिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2024 के निर्धारित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षकों, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा० शि०), सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी जिला पदाधिकारी के लिए आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक (सैद्धान्तिक) परीक्षा, 2024 जिला में निर्धारित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर **दिनांक 01.02.2024 से 12.02.2024 तक** संचालित होगी। परीक्षा के लिए सभी जिला में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर उपयोग में लाये जाने वाले गोपनीय परीक्षा सामग्री यथा–डाटायुक्त उत्तरपुस्तिका, ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक, उपस्थिति पत्रक A, उपस्थिति पत्रक B, तथा अनुपस्थिति पत्रक परीक्षा केन्द्रवार पैकिंग कराकर गोपनीय एजेंसी द्वारा अपने विशेष दूत के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों पर प्राप्त कराया जा रहा है।

2. सैद्धान्तिक परीक्षा केन्द्रों पर उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रकार के प्रपत्र यथा–परीक्षा केन्द्र एवं उससे सम्बद्ध शिक्षण संस्थानों की सूची, केन्द्राधीक्षक नियुक्ति पत्र, सहमति पत्र, रौल शीट, मार्गदर्शिका एवं पैकिंग सामग्री–पॉली बैग, कॉरूगेटेड बॉक्स, लिफाफा T-A, T-B, T-C, T-D, T-E एवं T-Z, (Variable) व अन्य प्रपत्र परीक्षा केन्द्रवार पैकिंग कर समिति द्वारा प्रतिनियुक्त विशेष दूत के माध्यम से प्रमंडलान्तर्गत जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में निम्नांकित तिथि के अनुसार भेजा जा रहा है:–

| प्रमण्डल का नाम | परीक्षा सामग्री प्रेषण की तिथि |
|---|---|
| कोशी, भागलपुर, मुंगेर, तिरहुत एवं पूर्णियाँ | 20.01.2024 |
| पटना, मगध, सारण एवं दरभंगा | 21.01.2024 |

3. आकस्मिकता की स्थिति में उसके निदान के लिए सभी प्रकार के डाटारहित (Non Variable) लिफाफा अतिरिक्त स्टॉक के रूप में भंडारित करने हेतु सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में भेजे जा रहे हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर केन्द्राधीक्षक अधियाचना कर सुगमता पूर्वक प्राप्त कर सकें।

4. परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षकों से अनुरोध है कि संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से स्वयं अथवा विधिवत् प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से कंडिका–2 तथा 3 में निर्दिष्ट परीक्षा सामग्री (जो आपके परीक्षा केन्द्र के लिए आवंटित है) अनिवार्य रूप से प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। डाटारहित परीक्षा सामग्री की अतिरिक्त आवश्यकता होने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी से अधियाचना कर प्राप्त किया जा सकता है। कंडिका–1 में निर्दिष्ट परीक्षा सामग्री यथा–डाटायुक्त उत्तरपुस्तिका, ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक, उपस्थिति पत्रक A एवं B, तथा अनुपस्थिति पत्रक का अनिवार्य रूप से मिलान कर सुनिश्चित हो लेंगे कि अपने परीक्षा केन्द्र से सम्बद्ध +2 विद्यालय/महाविद्यालय के परीक्षार्थी के अनुरूप सभी गोपनीय परीक्षा सामग्री उन्हें प्राप्त हो गया है। प्राप्त किये गये गोपनीय परीक्षा सामग्री में से यदि कोई सामग्री अप्राप्त हो, तो इसकी सूचना अविलम्ब जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय को देते हुए परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0) के **मोबाईल नम्बर–9431025181**, उप परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0) के **मोबाईल नम्बर– 7061281841**, प्रशासनिक–सह–प्रभारी पदाधिकारी, भंडार (उ0मा0) के **मोबाईल नम्बर–9431483830** अथवा प्रशाखा पदाधिकारी केन्द्रीय (उ0मा0) के **मोबाईल नम्बर–9905353078** पर सूचित कर समस्या का समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

5. सैद्धान्तिक परीक्षा के लिए डाटारहित उत्तरपुस्तिका ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक, उपस्थिति पत्रक A, उपस्थिति पत्रक B तथा अनुपस्थिति पत्रक परीक्षा केन्द्रवार संबंधित एजेंसी के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराया जा रहा है।

6. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है कि **कंडिका–1** में निर्दिष्ट सामग्री संबंधित एजेंसी से तथा **कंडिका–2 एवं 3** में निर्दिष्ट सामग्री समिति के विशेष दूत से प्राप्त कर उन्हें प्राप्ति रसीद दे देंगे और जिलान्तर्गत, निर्धारित सभी परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक अथवा उनके द्वारा विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि को वितरण कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। सभी केन्द्राधीक्षक को अपने स्तर से निदेश देंगे कि वे अनिवार्य रूप से सभी सामग्री का मिलान कर सुनिश्चित हो लेंगे कि उनके परीक्षा केन्द्र एवं उससे सम्बद्ध +2 विद्यालय/महाविद्यालय के परीक्षार्थी के अनुरूप सभी गोपनीय परीक्षा सामग्री उन्हें प्राप्त हो गई है।

7. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन तथा अन्य गोपनीय कार्य के उद्देश्य से +2 स्तर के शिक्षण संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों की डारेक्टरी ऑनलाईन अपडेट कराया गया है। जिन शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा शिक्षकों की सूची ऑनलाईन अपडेट नहीं किया गया है, उक्त दोनों प्रकार के शिक्षण संस्थान के शिक्षकों का औपबंधिक नियुक्ति पत्र समिति की वेबसाईट **biharboardonline.bihar.gov.in** अथवा **letter12.biharboardonline.com** पर अपलोड कर दिया गया है। यह औपबंधिक नियुक्ति पत्र उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु मान्य नहीं है। संबंधित शिक्षण संस्थान के शिक्षक समिति की वेबसाईट **biharboardonline.bihar.gov.in** पर Inter Provisional Letter Exam 2024 अथवा वेबसाईट **letter12.biharboardonline.com** पर Click करने के बाद +2 विद्यालय/महाविद्यालय कोड अंकित कर अपना औपबंधिक नियुक्ति पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**

Scanned with CamScanner